दिन– शनिवार दिनांक– 06 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि वस्तु और सेवा कर – जीएसटी की नई व्यवस्था से नागरिकों के उपभोग में सुधार होगा। इससे पूंजीगत व्यय पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। एक निजी समाचार चैनल से बातचीत में श्रीमती सीतारामन ने कहा कि निन्यानवे प्रतिशत वस्तुओं और सेवाओं पर अब या तो शून्य या पांच से अठारह प्रतिशत तक का जीएसटी लगेगा। उन्होंने कहा कि पहली बार केन्द्र सरकार ने जीएसटी पर क्षतिपूर्ति मुआवजा और समग्र प्रस्ताव पारित किया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम और एल्कोहल उत्पाद जीएसटी के दायरे से बाहर होंगे। वित्तमंत्री ने बताया कि सरकार उन निर्यातकों की सहायता का प्रयास कर रही है, जिन पर पचास प्रतिशत अमरीकी आयात शुल्क का प्रभाव पड़ा है। श्रीमती सीतारामन ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का उद्देश्य न केवल सभी वस्तुओं का देश में उत्पादन करना है बल्कि अनिश्चित वैश्विक व्यापार नीतियों का आत्म सम्मान के साथ सामना करना है।

————————————————————————————

गयाजी का विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला आज से शुरू हो रहा है। पितृपक्ष मेला इक्कीस सितम्बर तक चलेगा। अपने पूर्वजों की मोक्षप्राप्ति की कामना को लेकर देश–विदेश से श्रद्धालु इस मेले में पहुंचते हैं। मेले का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी करेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिंहा तथा विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह सहित राज्य सरकार के कई मंत्री उपस्थित रहेंगे। गया के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि मेले के दौरान विधि व्यवस्था, यातायात व्यवस्था के साथ नागरिक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। पूरे मेला क्षेत्र को सत्रह सुपर ज़ोन में बांटकर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारियों और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। इधर, पटना स्थित पुनपुन में भी आज से अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेले की शुरूआत हो रही है। गया में पिंडदान से पहले श्रद्धालु पुनपुन नदी किनारे अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान और तर्पण करते हैं।

————————————————————————————

गयाजी के अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी से आज देश को दो सौ सात नये सैन्य अधिकारी मिले हैं। इनमें तेईस महिलाएं हैं। भारतीय सेना में मध्य कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल अनिन्दय सेन गुप्ता ने परेड का निरीक्षण किया। लेफ्टिनेंट जनरल श्री गुप्ता ने नए कमीशन प्राप्त अधिकारियों से भारतीय सेना के मूल्यों और परंपराओं को बनाए रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान गौरव पदक समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें इन सैन्य अधिकारियों के रूप में अपने पुत्र और पुत्रियों को देश की सेवा में समर्पित करने वाले सभी परिजनों को सम्मानित किया गया।

———————————————————————————

पितृपक्ष मेले में शामिल होने के वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुये रेलवे ने पुनपुन घाट हॉल्ट और अनुग्रह नारायण स्नान घाट पर सोलह जोड़ी ट्रेनों को दो–दो मिनट का अस्थाई ठहराव दिया है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि यह ठहराव आज से इक्कीस सितम्बर तक प्रभावी रहेगा।

———————————————————————————

आज अनंत पूजा है। श्रद्धालु भाद्रपद चतुर्दशी को भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की पूजा–अर्चना करते हैं। इसे अनंत चौदस के नाम से भी जाना जाता है। भगवान विष्णु की पूजा के बाद श्रद्धालु अनंत सूत्र बांधते हैं। इधर, आज ही दस दिनों तक चलने वाले गणेशोत्सव का भी समापन हो जायेगा।

———————————————————————————

अररिया जिले के जोगबनी थाना क्षेत्र के किसान चौक के पास एक मोटरसाईकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में मोटरसाईकिल सवार तीन युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी।

जमुई जिले के बरहट थाना क्षेत्र के कदुआतरी गांव में शराब करोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले में छह पुलिसकर्मी घायल हो गए।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।